the pioneer
THURSDAY | NOVEMBER 28, 2019



Padmanjali, the annual concert of SPSEC was inaugurated by Vice-Chairman, Abhishek Singhania at Lajpat Bhawan on Wednesday. Pioneer

9-NEXT



PICS: DAINIK JAGRAN INEXT



बच्चों ने शानदार परफॉर्मेंस से जीत लिया दिल.

# पदमांजलि में स्टूडेंट्स का धमाल

**KANPUR (27 Nov):** सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के एनुअल फेस्ट पदमांजलि में स्टूडेंट्स ने शानदार परफॉर्मेंस से सभी का दिल जीत लिया. पदमांजलि का इनॉग्रेशन चीफ गेस्ट स्कूल के वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया ने किया.



बच्चों ने डांस टैलेंट भी दिखाया.

एंजेल प्रोग्राम में जेके किड्स के स्टूडेंट्स ने बेटियों के महत्व को चित्रों के माध्यम से पेशकर वाहवाही लूटी. वहीं आदिवासी युद्ध कौशल को स्टूडेंट्स ने शानदार ढंग से परफार्म करके दर्शकों तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया. क्लास थर्ड से फिफ्थ तक के स्टूडेंट्स ने डांस टैलेंट दिखाया. यश, अनन्या, आनंदिता व सान्या भाटिया ने पीपीटी व प्रभावपूर्ण सवांदों से स्कूल की एनुअल रिपोर्ट पेश की. चीफ गेस्ट ने कॉम्पटेटिव एग्जाम्स में शानदार परफॉर्मेंस देने वाले स्टूडेंट्स को चेक देकर सम्मानित किया. स्कूल की चेयरपर्सन मनोरमा गोविन्द हरी सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, प्रिंसिपल भावना गुप्ता, मैनेजर आशीष भार्गव, जेएन दुबे, वाइस प्रिंसिपल कविता चड्ढा, दिव्या मेहता, किरन तिवारी मौजूद रहीं.

28/11/19

आज

# बच्चों ने की डांस पर मस्ती, भगवान विष्णु-देवी लक्ष्मी की स्तुति

## वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**पदमांजलि**

कानपुर, 27 नवम्बर। सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर की ओर से मोतीझील के लाजपत भवन में आयोजित 38वां वार्षिकोत्सव पदमांजलि-ए यूफोनियस वंडरलैण्ड कार्यक्रम में आकर्षण परिधानों सजे नन्हे-मुन्नो ने एंजिल एडं बी कार्यक्रमें संसार में पुत्रियों के महत्व को सुंदर ढंग से पेश किया तो वहीं ग्रुप में शामिल बच्चों ने साहस धीरज के हम साथी के समूह गीत प्रस्तुत किया तो खूब तालियां बजीं। बच्चों ने बालीवुड गीतों की मैलोडी पर फ्री-स्टाइल डांस किया तो अभिभाकभी झूमने को बाध्य हो गये। सास्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत में कक्षा-2 व 4 के छात्राओं ने भगवान विष्णु व देवी लक्ष्मी की स्तुति के साथ ही आनंदशरणम , सोवितचरणम् बोलों पर आधारित वंदना प्रस्तुत की। जेनिस वंडरला, बालरूम सहित कई रंगारंग कार्यक्रम हुए जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपना दम दिखाया। आईआईटी, व लैट में सफल मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। इससे पहले कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया ने द्वारिकाधीश के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ किया। विद्यालय के कल्चरल सेक्रेटरी अनन्य चौधरी ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट जनों का स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती मनोरमा गोविंद हरि सिहानिया, वाइस चेयरपर्सन श्रीमती वर्षा सिंहानिया, प्रधानाचार्या श्रीमती भावना गुप्ता, मैनेजर आशीष भार्गव, जे.एन. दुबे, उप प्रधानाचार्या कविता चडढा, दिव्या मेहता आदि मौजूद रही।



नृत्य पेश करती छात्राएं।

गुरुवार , 28 नवंबर 2019 03

हिन्दुस्तान



बुधवार को लाजपत भवन में सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे।

# पद्मांजलि में नन्हे-मुन्नों का धमाल

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के नन्हे-मुन्नों ने बुधवार को 'ब्राउन गर्ल इन द रिंग' और 'शाइन, शाइन, शाइन योर वे' के माध्यम से उल्लास और जीवन में कभी हार न मानने का संदेश दिया। यह मौका था विद्यालय के वार्षिक समारोह 'पद्मांजलि 2019' का। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित मेधावियों को पुरस्कृत भी किया गया।

लाजपत भवन में सायंकाल शुरू हुआ रंगारंग आयोजन देर शाम तक चला। 'शाइन, शाइन, शाइन योर वे' अंग्रेजी समूहगान था जिसे कक्षा 02 से 05 तक के बच्चों ने प्रस्तुत किया। इसी तरह 'ब्राउन गर्ल इन द रिंग' में नन्हें मुन्नों ने वेस्टइंडीज के पारंपरिक गीत की खूबसूरत प्रस्तुति की।

## दि मिदास टच से लालच न करने का दिया संदेश

दि मिदास टच नाटक के मंचन से लालच न करने का संदेश दिया गया। विच डॉक्टर गीत ने बच्चों को खूब हंसाया। इलीसियन एनसेंबल में आर्केस्ट्रा और बालरूम ई यूकोसो की शक्ल में बालडांस ने मंत्रमुग्ध कर दिया। फेस्टिवल का उद्घाटन विद्यालय के वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया ने किया। बच्चों ने पूर्व चेयरमैन गोविंद हरि सिंहानिया को श्रद्धांजलि दी। फेस्टिवल का संचालन यश तोलानी (कक्षा 10), दिव्या लांबा (09), आर्यन अरोड़ा (05), सिफत ग्रोवर (05), रितिका सिंह (04), सिमरन टेकवानी (05) ने किया। इस मौके पर चेयर पर्सन मनोरमा गोविंद सिंह सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, प्रिंसिपल भावना गुप्ता, प्रबंधक आशीष भार्गव, कर्नल जेएन दुबे, कविता चड्ढा और दिव्या मेहता आदि उपस्थित थे।

## इन्हें पुरस्कृत किया गया

आईआईटी में चयनित दिव्यांश सोनकर और अनुज गुप्ता, क्लैट में आयुष अग्रवाल (एआईआर 62), सुहानी अग्रवाल (एआईआर 72) और आयुष अरोड़ा (एआईआर 571) को पुरस्कृत किया गया। ल्यूमिनरी क्विज विजर्ड विजेता विनायक श्रीवास्तव, इलस्ट्रियस एंकर यश राठौर, वोकालिस्ट काव्यांशी श्रीवास्तव, सिम्फोनिस्ट स्कंद तिवारी, विनायक तिवारी, शत प्रतिशत हाजिरी में निहाल सिंह गुजराल समेत 14 अन्य को पुरस्कृत किया गया। कल्चल ट्राफी गंगा हाउस को गई।

कानपुर, 28 नवंबर 2019 दैनिक जागरण 9



सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर कमला नगर में 38वें वार्षिकोत्सव पद्मांजलि ए यूफोनियस वंडरलेंड का आयोजन हुआ। वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, चेयरपर्सन गोविंद हरि सिंहानिया, वर्षा सिंहानिया, भावना गुप्ता मौजूद रहीं • (वि.वि.)

बृहस्पतिवार • 28.11.2019
अमर उजाला 05

# नृत्य से बेटियों के महत्व को दर्शाया





सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर, कमला नगर का 36वां वार्षिकोत्सव पद्मांजलि 'ए यूफोनियस वंडरलैंड' का आयोजन लाजपत भवन में हुआ। मुख्य अतिथि स्कूल के वाइस चेयरपर्सन अभिषेक सिंहानिया ने शुभारंभ किया।

स्कूल के पूर्व चेयरमैन स्व. गोविंद हरि सिंहानिया को छात्र नमन चौबे, रुखसत गाजी, सिद्धार्थ सिंह, सुहानी कपूर ने श्रद्धांजलि दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पहले आईआईटी और क्लैट की परीक्षाओं के अव्वल छात्रों को सम्मानित किया गया। आईआईटी में चयनित दिव्यांश सोनकर, अनुज गुप्ता, क्लैट के आयुष अग्रवाल, सुहानी अग्रवाल और आयुष अरोड़ा, 100 फीसदी उपस्थिति के लिए निहाल सिंह गुजराल को सम्मानित किया गया। चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, प्रधानाचार्य भावना गुप्ता, आशीष भार्गव आदि रहे।

amarujala.com पर और ज्यादा देखें...
बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन
और तस्वीरें देखने के लिए स्मार्टफोन के कैमरे या QR Code स्कैनर से स्कैन करें

कानपुर। बृहस्पतिवार • 28 नवम्बर • 2019
राष्ट्रीय सहारा

# नृत्य, गीत और अभिनय का संगम

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

सर पद्मपत सिंहानिया एजूकेशन सेन्टर के वार्षिकोत्सव पद्मांजलि में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत और अभिनय का ऐसा संगम प्रस्तुत किया कि मौजूद लोग मंत्रमुग्ध हो गये। समारोह में आईआईटी व क्लैट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

लाजपत भवन में आयोजित पद्मांजलि का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अभिषेक सिंहानिया ने भगवान द्वारिकाधीश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। यहां विद्यालय के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय गोविन्द हरि सिहांनिया को एक कार्यक्रम के जरिये भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ नृत्य के माध्यम से भगवान विष्णु व देवी लक्ष्मी की स्तुति के साथ किया गया। 'एंजेल्स एण्ड बीस' शीर्षक से प्रस्तुत कार्यक्रम में जेके किड्स के नन्हें मुन्नों ने बेटियों को महत्व को रेखांकित किया तो फियेस्टी फॉल्कन्स में कक्षा 1 और 2 के बच्चों ने बॉलीवुड गीतों की मैलोडी पर फ्री स्टाइल डांस से दर्शकों को झूमने को विवश कर दिया। इसी तरह जेनी वान्ड्रेला में बच्चों ने फेयरी लैण्ड की काल्पनिक दुनिया का चित्रण किया तो काम्बेटेन्ट जाइरेट में रौद्र व वीर रस से युक्त आदिवासी नृत्य, इलाइसियन इन्सेम्बल में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न वाद्ययंत्रों पर बॉलीवुड के सदाबहार गीतों की अद्भुत प्रस्तुति से समां बांध दिया। इन कार्यक्रमों के अलावा बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत और नृत्य को खूब सराहा गया।



लाजपतभवन में सर पद्मपत सिंहानिया एजूकेशन के वार्षिकोत्सव पदमांजलि में नृत्य करतीं छात्राएं।

**सर पद्मपत सिंहानियां एजूकेशन सेंटर का वार्षिकोत्सव**

**प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थी किये गये सम्मानित**

कार्यक्रम में विद्यालय की चेयरपर्सन मनोरमा गोविन्द हरि सिंहानिया, वर्षा सिंहानिया, भावना गुप्ता, आशीष भार्गव, जेएन दुबे, कविता चड्डा, दिव्या मेहता आदि थे।